### प्रतिमा खंडित करने को लेकर हिंदू संगठनों ने जताया विरोध, बंद रहा बाजार

# किया प्रदर्शन, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के जुन्नारदेव में संप्रदाय विशेष के युवक द्वारा मंदिर में भगवान की प्रतिमा खंडित करने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन हिंदूवादी संगठनों ने घटना का पुरजोर विरोध किया। घटना के विरोध में सोमवार कों हिंदू संगठनों ने बाजार बंद रखा। संगठनों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद पुलिस फोर्स ने उन्हें हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ दिया। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में पूर्व विधायक और बीजेपी नेता नत्थन शाह भी शामिल रहे। वहीं कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और एस.पी. मनीष खत्री भी जुन्नारदेव पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया।



दरअसल रविवार को 2 युवकों ने प्रतिमा को राड से खंडित किया था। घटना वार्ड क्रमांक 8 की है, जहां दो युवकों ने स्थानीय मंदिर की प्रतिमा को राड से खंडित कर दिया था। मंदिर में मौजूद एक वृद्ध महिला ने युवक को रोका तो युवक ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर अन्य लोग मंदिर पहुंचे और युवक को मौके पर ही पकड़कर पुलिस को खबर की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को गिरफ्त में लिया है।

इसके बाद जुन्नारदेव में माहौल गरमा गया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने एक आरोपित युवक को पकड़ लिया। वहीं दूसरे आरोपित की तलाश कर रही है। इसके बाद हिंदूवादी संगठन ने पकड़े गए आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग लेकर रात 10.30 बजे थाने का घेराव कर दिया।

हिंदू संगठनों के थाने का घेराव करने के बाद पुलिस प्रशासन् ने एहतियात के तौर पर सीमावर्ती पांच थानों के स्टाफ को जुन्नारदेव भेजा। साथ ही स्थिति पर नियंत्रण के लिए ए.एस.पी. अवधेश प्रताप सिंह और जुन्नारदेव के प्रभारी डी.एस.पी. राजेश कुमार बंजारा ने मोर्चा संभाला। थाना प्रभारी राकेश बघेल का कहना है कि फिलहाल हालात काबू में हैं।

घटना की खबर जैसे ही शहर में फैली सनातन समाज यहां एकत्र हो गया और युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग के साथ ही इस तरह की साजिश करने वालो को बेनकाब कर बुलडोज़र कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव किया। सनातन समाज ने घटना के विरोध में सोमवार को जुन्नारदेव बंद का आह्वान कर बड़ा प्रदर्शन किया है।

जुन्नारदेव सोमवार को पूरी तरह बंद था। प्रदर्शन के दौरान युवाओ ने आरोपी से जुड़े कुछ लोगो की बाजार में स्थित दुकान में तोड़फोड़ की कोशिश की। तब पुलिस ने यहॉ लाठी चार्ज कर यहां भीड़ को तितर-बितर किया है। अब भी हालात तनाव वाले बने हुए हैं। वहीं पूर्व विधायक ने आरोपित पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जामा मस्जिद कमेटी जुन्नारदेव के सदर गौहर जमाल शाह ने घटना की निंदा की है। साथ ही आरोपित पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एस.डी.एम. को दिए पत्र में गौहर जमाल शाह ने लिखा कि श्री गणेश मंदिर में युवक तौफीक पिता कासिद के द्वारा गणेश भगवान की मूर्ति के साथ तोड़फोड़ की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना की मुस्लिम समाज निंदा करता है। साथ ही प्रशासन से मांग की जाती है कि इस प्रकार का घृणित कार्य करने वाला व्यक्ति सांप्रदायिक सदभाव और शांति भंग करने का अपराधी है। लिहाजा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

## मिलन समारोह आज, क्षेत्र से सैकड़ों लोग होंगे शामिल

### ब्लॉक शहर कांग्रेस कर रही आयोजन

**परासिया गुढी अंम्बाडा, देशबन्धु।** आज अध्यक्ष ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस की ओर से जो दीपावली मिलन समारोह सम्मेलन का आयोजन परासिया में है इसमें गुढी अंम्बाडा से सैकड़ो जन सम्मेलन में शामिल होने जाएंगे इस बारे में क्षेत्र के वरिष्ठ पार्टी जनों ने रणनीति बना ली है इस आयोजन में जिले के मुख्य जिले के मुखिया सहित अन्य जवाबदार पदाधिकारी सभी उपस्थित रहेंगे। सनद रहे कि जिले के सर्वमान्य नेता कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर अध्यक्ष ब्लॉक कमल राय एवं अध्यक्ष शहर वीर बहादुर सिंह ने आज परासिया में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन रखा है जिसमें जिला अध्यक्ष कांग्रेस विश्वनाथ ओक्टे सहित कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद राय विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी ,विधायक सोहन वाल्मीकि ,एवं ब्लॉक पर्यवेक्षक सुभाष सुभाष गुलबांके आदि मुख्य रूप से रहेंगे। आयोजित सम्मेलन में भाग लेने वैसे तो विधानसभा क्षेत्र परासिया के चप्पे- चप्पे से कांग्रेस जन आएंगे ताकि युक्त सम्मेलन सफल हो सके।

### मढ़ई मेला आयोजित

**परासिया, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 शिव मंदिर के समीप प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मढ़ई मेले का आयोजन किया गया मढ़ई मेले में 9 नृत्य टोलिया ने भाग लिया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री विनोद मालवीय अध्यक्ष नगर पालिका परासिया श्री कमल राय जी ब्लॉक अध्यक्ष श्री महेश सोम कुमार जी उपाध्यक्ष श्री पवन सूर्यवंशी जी सभापति श्री वीर बहादुर सिंह पार्षद एवं राधे सूर्यवंशी आलोक गुप्ता दानिश खान मोहम्मद शकील शाहिद खान अनवर अली शफीक सिद्दीकी अबरार खान अशोक डहेरिया निर्णायक मंडल सैफ खान विवेक मिश्रा मोहन नन्हरिया हरि नागवंशी आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### सार-समाचार

## गोवंशों के अवैध परिवहन में जब्तशुदा तीन वाहनों पर की राजसात की कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छिन्दवाड़ा शीलेन्द्र सिंह द्वारा तीन गोवंशों के अवैध परिवहन में जब्तशुदा वाहनों पर राजसात की कार्यवाही की गई। इसके अंतर्गत धारा 4, 6, 9, मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, 4, 6, 6-क, 6 (ख) (1) 11 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत गौवंश के अवैध परिवहन में जप्तसुदा वाहनों पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकरी छिन्दवाड़ा श्री सिंह द्वारा मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध संशोधन अधिनियम 2010 की धारा 11 (5)-4, 5, 6, 6-क और 6 ख के उल्लंघन किये जाने पर जप्तसुदा वाहन क्रमांक एम.पी. -37-जे-1536 शेख रेहान, एम.पी.-22-जी-1327 इस्माईल शाह, एम.पी. 28-डी.ई.-4506 राजेश वर्मा के वाहन पर राजसात कार्यवाही की गई है। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत थाना क्षेत्र बटकाखापा, मोहखेड़, चांदामेटा, कुंडीपुरा के 05 आरोपियों पर जिलाबदर की भी कार्यवाही की गई।

## परासिया विधायक ने अंबाड़ा पहुंचकर मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** परासिया विधायक सोहन वाल्मीक पी.एच.ई. विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राम अंबाड़ा पहुंचे इस दौरान उन्होंने मृतक युवक के परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से 5000/- रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की एवं पी.एच.ई. विभाग की और से भी आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया, इसके अलावा हिलटॉप कालोनी के पास में स्थित ओवरहेड पानी की टंकी के चारों ओर फेंसिंग, जाली लगवाए जाने के साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकीदार नियुक्त किए जाने की बात भी कही गई। इस अवसर पर अंबाड़ा के पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली के अलावा पंच विनोद सोनकर, अजीज अंसारी, शिवनाथ, सदरुन निशा के अलावा मृतक युवक के परिजन उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि 31 अक्टूबर गुरुवार दीपावली की रात को अम्बाड़ा झिरिया मोहल्ला वार्ड क्रमांक 11 के निवासी मनोज उईके का पुत्र मृतक युवक 19 वर्षीय सिद्धार्थ (शिवम) उईके अपने दोस्तों के साथ हिलटॉप कॉलोनी के पास स्थित पी.एच.ई. विभाग के द्वारा निर्माण कराई गई ओवरहेड पानी की टंकी के ऊपर चढ़ गया था इस दौरान टंकी मे ढक्कन न होने की वजह से उक्त युवक उस खाली टंकी के अंदर गिर गया था जिसकी वजह से उसे गंभीर रूप से शरीर में चोट लगने की वजह से उसकी मृत्यु हो गई थी जो एक दुखद घटना है।

## साहू परिवार ने किया लक्ष्मी पूजा का आयोजन

**रावनवाड़ा, देशबन्धु।** दीपावली के अवसर पर लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व होता है । एक ओर जहां कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में काली पूजा का आयोजन किया गया है , वहीं रावनवाड़ा में साहू परिवार के द्वारा लक्ष्मी जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा का आयोजन किया गया है । यह कार्य दीपावली के दिन से निरंतर जारी है , जिसमें स्थानीय लोग सुबह - शाम आरती और अन्य विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं । आज मंगलवार को भंडारे का आयोजन भी किया गया है । जिसमें साहू परिवार की ओर से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## मड़ई नृत्य प्रतियोगिता कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री मालदेव बाबा समिति छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र माहोरे ने उक्त प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि



विशाल मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता कल 06 नवम्बर 2024, दिन बुधवार को स्थान श्री मालदेव बाबा पातालेश्वर वार्ड नंम्बर 19 व 20 श्री खेड़ापति मंदिर के पास छिन्दवाड़ा में समय दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित की गयी हैं। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार रू. 5100/-, द्वितीय पुरूस्कार रू. 4100/-, तृतीय पुरूस्कार रू. 3100/-, चतुर्थ पुरूस्कार रू 2100/- एवं पंचम पुरूस्कार रू 1100/- रखे गये हैं, जिसमें जिले के समस्त ग्रामवासी एवं शहरवासी से निवेदन है कि इस मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की हैं ताकि मढ़ई मेला की गरिमा बढ़ सके

## आंध्रा दिनोत्सवम् का रंगारंग आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष के आंध्रा एसोसिएशन के तत्वाधान में समस्त द्रविड़ आंध्रा सदस्यों द्वारा आंध्रा दिनोत्सवम् का आयोजन संजू का ढाबा में हुआ।

आयोजन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करके सभी सीनियर सिटिजन के सम्मान के साथ हुआ। सम्मान में उन्हें माल्यार्पित कर स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। तदुपरांत रंगारंग कार्यक्रम के साथ विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। इस स्नेह सम्मलेन के प्रीतिभोज में सभी आंध्रा भाषी व तमिल भाषी सम्मिलित हुए। भोजन उपरांत हाउसी खेल खेला गया जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। उक्त समस्त आयोजन आंध्रा युवा शक्तियों के द्वारा किया जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया।



## संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हर्षित का चयन

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के वार्ड नंबर 04 में रहने वाले हर्षित मालवी का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में चयन हुआ है। हर्षित मालवी सिवनी के डी.पी.सी. स्कूल में कक्षा 9वीं में अध्यनरत है। सिवनी जिला शिक्षा अधिकारी ने एक अधिसूचना जारी की है। जिसमें जिला शालेय अंडर 17 और 19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हर्षित मालवी समेत कुल 18 बच्चों का चयन हुआ है। मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले हर्षित बल्ले के साथ गेंदबाजी भी करते है। हर्षित का पिछले मैच में प्रदर्शन शानदार था। जिसकी बदौलत अब वो संभाग स्तरीय



क्रिकेट प्रतियोगिता में अपना जलवा जलाल करेंगे। हर्षित की बचपन से ही क्रिकेट में रूचि रही है। छोटे शहरो में करियर के साथ खेल को कम महत्व दिया जाता है लेकिन हर्षित के सपनों को असल उड़ान उनके पिता ओमकार मालवी ने दी। वो अपने बेटे के सपनों के लिए हर दम हर्षित के साथ खड़े रहे। यहां तक कि स्कूल, कोचिंग और क्रिकेट में टाइम मैनेजमेंट की बात हो या फिर विपरीत परिस्थिति, हर्षित के पिता ने एक आदर्श पिता का फर्ज निभाते हुए हर मोर्चे पर खरे उतरे है। हर्षित मालवी ने कड़ी मेहनत से बड़ी सफलता की और पहला कदम रखा है। उनके सरहनीय प्रयास से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। नगरवासियों ने हर्षित को शुभकामनाएं दी है।

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध व हर घर दस्तक अभियान

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** आज नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त मोहदय जी क़े निर्देशानुसार नगर निगम वार्ड क्रमांक 31, अंतर्गत आने वाले कमानिया गेट में स्थित सभी दुकानों व वार्ड 32 राजपाल चौक बरारीपुरा में स्वच्छता टीम के द्वारा निरिक्षण कर सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबन्ध व हर घर दस्तक अभियान चलाया गया दूकान संचालकों तथा दुकानों पर आने वाले ग्राहकों व घरों में पॉलीथिन का उपयोग ना करने व कपडे के थैले का उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया और रहवासियों को 4 प्रकार का कचरा गीला, सूखा, घरेलु हानिकारक, सेनेटरी वेस्ट के बारे में समझाइश दी गई और इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट क़े दुष्परिणाम से अवगत कराया गया।

# नए परिसीमन के बाद जुन्नारदेव के जिला बनने के आसार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र में परिसीमन के बाद छह जिले और बनने की संभावना है। छिन्दवाड़ा जिले का स्थापना 1956 में हुई थी तब से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा जिला क्षेत्रफल में माना जा रहा था लेकिन पांढुर्णा जिला बनने के बाद सिमट कर रह गया और अब नए परिसीमन में क्या होगा भगवान ही जाने, लेकिन जुन्नारदेव सहित अन्य पॉच जिले नए बनाए जा सकते है। ऐसी स्थिति में छिन्दवाड़ा तीन भागों में बंट जाएगा और विकास अवरूद्ध हो जाएगा। बेहतर होगा कि छिन्दवाड़ा को संभाग बनाया जाए, विखंडन कर जिला नहीं।

खबर के अनुसार मध्यप्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों का नए सिरे से गठन की तैयारियां जारी हैं। प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों और ब्लॉक की सीमाएं नए सिरे से तय करने के लिए विशेष आयोग का गठन राज्य सरकार कर चुकी है। सी.एम. डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष के रूप में रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी मनोज श्रीवास्तव को नियुक्त किया है, पूर्व आई.ए.एस. मनोज शुक्ला को सदस्य बनाया गया है। आयोग को जिम्मेदारी दी गई है कि प्रदेश में संभाग, जिले, तहसील, विकासखंडों की नए सिरे से सीमांकन की रूपरेखा बनाकर प्रस्ताव तैयार करें।

राज्य सरकार का मानना है कि प्रशासनिक का पुनर्गनठन का काम 2 माह में पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि ये काम इतनी जल्दी संभव नहीं लगता। जानकारों का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में कम से एक साल का वक्त लगेगा क्योंकि ये बहुत बड़ा काम है। मध्यप्रदेश में कुल 10 संभाग, 56 जिले और 430 तहसीलें हैं। नई सीमाएं तय करने के लिए हर संभाग, जिला, तहसील स्तर के साथ ब्लॉक स्तर से कई प्रकार की रिपोर्ट मांगी जाएंगी, उनका अध्ययन किया जाएगा और यह देखा जाएगा कि जिला मुख्यालय से तहसील मुख्यालय व ब्लॉक की दूरियां कितनी हैं और किस तहसील और ब्लॉक




## मप्र में नए परिसीमन के बाद बन सकते हैं छह जिले, ऐसा हुआ तो छिंदवाड़ा का विकास होगा प्रभावित

मुख्यालय की सीमाएं किस जिले के नजदीक हैं साथ ही भौगोलिक आधार पर किस मुख्यालय में क्या-क्या विसंगतियां हैं। आयोग को ये भी देखना है कि सभी जिलों में आयोग राजस्व, वन, नगरीय निकाय और पंचायत विभाग का समन्वय किस हिसाब से किया जा सकता है, सभी सीमाओं का विस्तृत अध्ययन करने के बाद ही फाइनल प्रस्ताव तय हो पाएगा।

### मध्यप्रदेश में परिसीमन है जरूरी

मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की हिसाब से देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है यहां पर पहले ही जिला, तहसील और ब्लॉक को नए सिरे से गठन की मांग की जा रही है, क्योंकि इनकी सीमाओं पर विसंगतियां हैं। प्रदेश में बीते कुछ सालों से नए जिलों और नई तहसीलों का गठन किया गया है इस कारण ये विसंगतियां और बढ़ गई हैं। भौगोलिक विसंगतियों के कारण आम लोगों को प्रशासनिक कार्य कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसी विसंगतियों को समझते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के परिसीमन कराने जा रहे हैं। सीएम कह भी चुके हैं जब हमने सरकार बनाई तो हमने इस बात पर ध्यान दिया कि मध्य प्रदेश जो भौगोलिक दृष्टि से भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, उसका अपना क्षेत्रफल तो है लेकिन समय के साथ इसमें कुछ कठिनाइयां भी आई हैं। अब मध्यप्रदेश में जिले तो बढ़ गए लेकिन जिलों की सीमाओं में कई विसंगतियां हैं।

परिसीमन के दौरान कुछ और नए जिलों के साथ ही नई तहसीलें बन सकती हैं क्योंकि भौगोलिक विसंगितयों के कारण ही बीना (सागर), चाचौड़ा (गुना), खुरई (सागर), जुन्नारदेव (छिंदवाड़ा), लवकुशनगर (छतरपुर) और मनावर (धार) को जिला बनाने की मांग लगातार उठ रही है। प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग बनने से अब इस पर विचार किया जा सकता है। क्योंकि सी.एम. कह भी चुके हैं कई टोले, मंजरे और पंचायतों के लोगों को जिला, संभाग, तहसील, विकासखंड जैसे मुख्यालयों तक पहुंचने के लिए 100 से 150 किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जबकि ऐसे क्षेत्रों से दूसरे जिले, संभाग, विकासखंड और तहसील मुख्यालय नजदीक हैं। कई संभाग बड़े-छोटे हो गए हैं। ऐसी विसंगतियां दूर करने के लिए नया परिसीमन आयोग बनाया गया है इसके माध्यम से नजदीकी जिला मुख्यालय से जोड़कर जनता की बेहतरी के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह करना है।

### केंद्र सरकार की जनगणना से होगा परिसीमन में विलंब

राज्य सरकार भले ही परिसीमन दो माह में पूरा करने का दावा कर रही है लेकिन ये इसलिए संभव नहीं दिखता क्योंकि अभी तो आयोग ने काम करना भी शुरू नहीं किया है। जब आयोग करना शुरू करेगा तो जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील मुख्याल और हर ब्लॉक की सीमाओं के साथ आबादी, नए जिले और नई तहसीलें गठित होने के बाद दिख रही विसंगतियां क्या हैं?

इस बारे में ब्लॉक लेवल से लेकर संभाग लेवल तक अफ्सरों को रिपोर्ट तैयार करके आयोग को देनी है, इसके साथ ही आयोग और हर जिले के प्रशासनिक अफ्सरों को सभी जनप्रतिनिधियों की आपत्तियों का भी निकारकरण करना है। इतना काम करने में एक साल से ज्यादा वक्त लगेगा।

वहीं, केंद्र सरकार 1 जनवरी 2025 से राष्ट्रीय जनगणना शुरू करने जा रही है इसके लिए सभी राज्यों को 31 दिसंबर 2024 तक जिला, तहसील और ब्लॉक की सीमाएं फिक्स करने का आदेश जारी किया है। इस प्रकार मध्यप्रदेश के परिसीमन में और ज्यादा समय लग सकता है।

# लम्बित प्रकरणों पर अधिकारी तुरंत करें कार्रवाई

## टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार विस्तृत चर्चा करते हुए समय सीमा में लंबित मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों का विश्लेषण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि समय सीमा के भीतर सभी शिकायतों और मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी संबंधित विभाग समय सीमा में अपेक्षितकार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### सीएम हेल्पलाइन पर विशेष निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं हर शिकायत पर नज़र रखने के भी निर्देश दिये। अगले समय सीमा की बैठक में लेवल-1 से लेवल- 4 तक की सभी शिकायतों की लाइन लिस्टिंग के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।



### नक्शा तरमीम और ई-केवायसी में प्रगति के निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नक्शा तरमीम और ई-केवायसी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए इन कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए।

### लीड बैंक मैनेजर को वित्तीय प्रगति के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने लीड बैंक मैनेजर से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत व्यक्तिगत इकाइयों के लक्ष्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-2025 में तय किए गए लक्ष्यों के सापेक्ष में अधिक प्रगति करने के निर्देश दिए ताकि योजना का लाभ अधिकतम हितग्राहियों तक पहुँच सके। इसके साथ ही उन्होंने पशुपालन और मछली पालन विभाग के तहत किसान क्रेडिट कार्ड योजना में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को इन क्षेत्रों में तेजी से कार्य करने और आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने पर जोर दिया ताकि संबंधित हितग्राही समय पर योजनाओं का लाभ ले सकें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, एसडीएम सुधीर कुमार जैन, नगरनिगम आयुक्त सी.पी. राय, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पी. राजोदिया, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे।

# 46वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में सांसद बंटी विवेक साहू एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से 46 वा स्वास्थ्य शिविर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर्रई मंडल के ग्राम रैयाराव में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेइ की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 255 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 222 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 33 गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से विधायक कमलेश शाह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीताराम डेहरिया, रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, जिला मंत्री मनोज नेमा, प्रभुनारायण नेमा, भाजपा मंडल के अध्यक्ष सुमित गुप्ता, डॉक्टर प्रियंक शर्मा, ज्वार सी भलावी, दिनेश सल्लाम, चेतराम पंद्राम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सांवरी मंडल की ग्राम पंचायत हीरावाड़ी में आज 5 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा।

## सार-समाचार

### छह लाख से अधिक जरूरतमंद भंडारों से लाभान्वित हुए



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी आश्रम खजरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली पर्व के पूर्व आदिवासी, गरीब, जरूरतमंदों को वस्त्र, कम्बल, मिठाई, राशन, दीपक, तेल, बाती, ऋषि-प्रसाद सतसाहित्य आदि भेंट देकर दीपावली पर्व मनाया। जिले भर में श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से जगह-जगह सत्संग और भंडारे का आयोजन सम्पन्न हुए।

सत्संग के दौरान साध्वी रेखा बहन ने बताया कि- दीपावली पर्व के पूर्व आदिवासी, गरीब और जरूरतमंदों का मुंह मीठा कर उन्हें जरूरत की सामग्री भेंट कर दीपावली पर्व मानना हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा है। हमारे समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने पहले ही जिले भर में कार्यरत विकास खण्ड स्तर की सभी समितियों को निर्देशित किया था कि अपने-अपने क्षेत्रों में गरीब, जरूरतमंदों को चिन्हित करें उन्हें भंडारे से लाभान्वित करें। साथ ही जिले भर के 3 लाख साधकों से भी निवेदन किया था कि अपने आसपास के कम से कम 2-3 जरूरतमंदों को भेंट देकर ही दीपावली पर्व मनाए। समिति ने परासिया विकास खण्ड के देवरी ग्राम, जुन्नारदेव के पातालकोट, बिछुआ के चिचोली खुर्द, अमरवाड़ा के बंजारी टोला, मोहखेड़ के लिंगा आदि विकास खण्डों में भंडारे का भव्य आयोजन सम्पन्न किया। इन आदिवासी क्षेत्रों के आसपास के ग्रामो के जरूरत मदो को एक जगह एकत्रित कर भेट दी गई। पूज्य बापूजी के आशीर्वाद से इस प्रकार की सेवा देश के 550 आश्रमों द्वारा की गई जिसमें जिले में 6 लाख से अधिक जरूरतमंद और देश भर में करोड़ों -करोड़ों लोग लाभांवित हुए। जारी भंडारे में सभी को कम्बल वस्त्र ना मिले हो पर ऋषि प्रसाद साहित्य और सत्संग का लाभ सभी ने लिया है । भंडारे अभी भी जारी है । खजरी आश्रम में हुए आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सासंद विवेक (बंटी) साहू, नगर निगम महापौर विक्रम आहाके, जिला पंचायत सदस्य ललिता घोंगे, अंतोदय समिति के जिलाध्यक्ष विलाश घोंग, भाजपा नेता अजेय सक्सेना, सरपंच रूपेश कराड़े, समाजसेवी जगेंद्र अलडक, मनोज सक्सेना आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की जमकर सराहना की।

इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, एम.आर. पराड़कर, धनाराम सनोडिया, शम्भूदयाल साहू, सूरज प्रसाद माहोरे, सुमन डोईफोड़े, शकुंतला कराड़े आदि ने अपनी-अपनी सेवाएं दी। समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने जिले भर की विकास खण्ड समितियों के प्रभारियों और 3 लाख साधकों के साथ मुख्य अतिथियो का भी आभर व्यक्त किया। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने दी ।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम शिविर कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के कार्यालय अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जिले में वृत्त/जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम द्वारा शिविर का आयोजन 06 नवम्बर 2024 बुधवार को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक प्रशासनिक भवन खजरी रोड छिन्दवाड़ा में किया जायेगा। इस शिविर में उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा। फोरम शिविर में विद्युत अधिनियम की धारा 126, 135, 138 एवं 161 के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों पर सुनवाई नहीं की जायेगी। विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायत के साथ उपस्थित होकर शिकायत का निराकरण करवा सकते हैं ।

# मूंग की बोली के साथ मण्डी में की गई नये साल की शुरुआत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कृषि उपज मण्डी समिति कुसमैली छिन्दवाड़ा में दीपावली के बाद व्यापारियों के नये वर्ष की शुरूआत पूजा अर्चना कर मूंग की बोली के साथ की गई इसके पश्चात नये वर्ष में मण्डी में विभिन्न जिन्सों की बोली का शुभारंभ व्यापारियों द्वारा किया गया। मूंग की बोली के दौरान छिन्दवाड़ा व्यापारी मण्डल के पदाधिकारी, जिला अनाज व्यापारी संघ के पदाधिकारी तथा आऐं हुए किसान, मण्डी के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित थे। जैसे मण्डी में मूंग की बोली शुरू हुई तो व्यापारियों के चेहरे खिल उठे तो वहीं किसानों ने भी अपना माल लाया और व्यापारियों ने खासकर मक्के की बोली की शुरूआत नये वर्ष में 4 नवम्बर को कर दी।



# मंदिर में तोड़फोड़ पर भाजपा ने जताई चिंता

## भाजपा जिलाध्यक्ष पहुंचे जुन्नारदेव, किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रविवार रात जुन्नारदेव नगर वार्ड क्रमांक 7 स्थित श्री गणेश मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर मंदिर की सेविका से मारपीट करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। घटना के बाद उपजी तनावपूर्ण स्थिति पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जुन्नारदेव नगर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 7 स्थित श्री गणेश मंदिर में स्थिति का जायजा लेने के उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पीड़ित महिला से भेंट की एवं आपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर न्याय दिलाने का भरोसा जताया।

शांति के टापू छिंदवाड़ा जिले में घटित अप्रिय घटना के आलोकन में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री यादव ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर नगर में शांति स्थापित करने एवं सामाजिक सौहार्द कायम करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नत्थन शाह, विधानसभा प्रभारी आशीष ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, अध्यक्ष किसान मोर्चा संजय पटेल, मंडल अध्यक्ष नवनीत मोनू जैन, दर्शन मिग्लानी, दिंशु यादव समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



# विधिक सेवा सप्ताह का बाइक रैली के साथ शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत विधिक सेवा जागरूकता बाईक रैली का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा सुशांत हुद्दार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। बाईक रैली में पैरालीगल वालेंटियर, लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स, पैनल अधिवक्तागण, न्यायलयीन / विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा स्वयंसेवी संगठन के सदस्यों द्वारा बाईक में विधिक सेवा जागरूकता से संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लगाई गई।

विधिक सेवा जागरूकता बाईक रैली न्यायालय परिसर छिंदवाड़ा से ई.एल.सी. चौक, जिला चिकित्सालय, जेल तिराहा, बस स्टैण्ड, बैल बाजार, पाटनी पेट्रोल पंप, व्ही.आई.पी. रोड, खजरी चौक, आई.टी.आई. मार्ग होते हुए परासिया चौक, सत्कार तिराहा, कलेक्ट्रेट मार्ग होते हुए वापस जिला न्यायालय परिसर में समाप्त हुई।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विशेष न्यायाधीश छिंदवाड़ा मोहित दीवान, जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा प्रेमपालसिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीशगण श्रीमती तृप्ति पाण्डेय, संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, अभिषेक नागराज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिंदवाड़ा शिवमोहर सिंह, राहुल जैन, श्रीमती ज्योति बरकड़े, गोपाल जाटव, सुश्री संयोगिता खत्री, सुश्री अक्षिता शुक्ला, सुश्री अवनि व्यास व न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री प्रीति राठौर उपस्थित थे।

### जिला जेल छिंदवाड़ा में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत जिला जेल छिंदवाड़ा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ देवकरण ठाकरे, असिस्टेंट राहुल तिवारी, शबनम शुक्ला द्वारा बंदियों को विधिक सहायता मामले की प्रगति से अवगत कराया गया तथा बंदियों के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जेल स्टॉफ एवं पैरालीगल वालेंटियर्स नविता सोनी एवं सचिन सूर्यवंशी उपस्थित थे



### आशा उषा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगो से संबंधित कलेक्टर व सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा

# गुढ़ी अम्बाड़ा में मनाया गया जश्ने गौसे आजम

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** पश्चिमी कोयलाचंल क्षेत्र के अंतर्गत तहसील जुन्नारदेव के ग्राम गुढ़ी अम्बाड़ा में रविवार की रात 9.00 बजे से अकबर कुरैशी के यहां जश्ने गौसे आजम मनाया गया। इस दौरान तकरीर का प्रोग्राम किया गया। इस प्रोग्राम के दौरान अल्लामा मौलाना सिराज अहमद बरकाती के द्वारा गौसे आजम की शान व फ्जीलत बयान की गई इसके अलावा शायरे इस्लाम नईम, मोईन यासीनी के द्वारा गौसे आजम की शान में मनकबत पढ़ी गई और बाहर से आए हुए नात ख्वा के द्वारा नाते रसूल व मनकबत पढ़ी गई।

इस प्रोग्राम के दौरान निजामत जुनैद खान रजवी के द्वारा की गई इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। इसके अलावा सोमवार को सुबह कुरान ख्वानी और लंगर का एहतेमाम किया गया। इस आयोजन के दौरान आयोजक द्वारा शानदार व्यवस्था की गई जिसकी प्रशंसा की जा रही है



### 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री के आने की स्थिति स्पष्ट नहीं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन छिन्दवाड़ा होना था इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां भी की जा रही थी और सभा स्थल भी ग्राम खैरवाड़ा नियत कर दिया गया था और बाय रोड प्रधानमंत्री खजरी चौक स्थित राज्य बादल भोई आदिवासी संग्रहालय का का लोकार्पण करने वाले थे लेकिन 15 नवम्बर के आगमन को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है कि प्रधानमंत्री का आगमन तय है या फिर कहीं वर्जुअल लोकार्पण कार्यक्रम न हो जाए की भी संभावना बतायी जा रही है।